प्रेसनोट दिनांक 18-09-2020 जनपद मुरादाबाद।

1 – चोरी में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना पाकबडा:-

दिनांक 17-09-2020 को वादी नरोत्तम पुत्र रामभरोसे निवासी बजरी प्लांट ग्राम गिंदौडा थाना पाकबाडा मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा बजरी हॉट मिक्स प्लांट से रोलर चोरी करने के सम्बन्ध में थाना पाकबडा पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना पाकबडा पर मु0अ0स0 655/20 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 17-09-2020 को ही उ0नि0 श्री सौरभ त्यागी थाना पाकबडा ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1. अजीम पुत्र महमूद निवासी पायतीपुर खुर्द थाना डिडौली जनपद अमरोहा, 2.शाने आलम पुत्र कल्लू निवासी सलारपुर थाना नखासा जनपद सम्भल को मय चोरी किये गये 02 रोलर सहित कैलसा रोड से समय 19.40 बजे गिरफ्तार किया गया।

2 – चसर सहित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना गलशहीद:-

आज दिनांक 18-09-2020 को उ0नि0 श्री कुलदीप सिंह थाना गलशहीद ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मौहम्मद वसीम पुत्र शौराब खां निवासी अकबर कम्पाउंड बंगला गांव थाना नागफनी मुरादबाद को मय 420 ग्राम चरस सहित आडती लड्डन के मकान के सामने गली नम्बर 03 आसालतपुरा से समय 00.40 बजे गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0 528/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

3 – तमंचे सहित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना भोजपुर:-

आज दिनांक 18-09-2020 को उ0नि0 श्री अफजल अहमद थाना भोजपुर ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नबिया पुत्र भूरा निवासी ग्राम पिपलसाना थाना भोजपुर मुरादाबाद को मय 01 तमंचा 315 बोर व 01 कारतूस जिन्दा 315 बोर सहित रेलवे क्रासिंग के पास से समय 12.40 बजे गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0 364/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

4 – मृत्यु का भय दिखाकर 02 लाख रुपये की मांग करने में, प्रकाश में आया अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मझोला:-

दिनांक 16-09-2020 को मौहम्मद आलमगीर पुत्र हकीम तौकीर निवासी मोहल्ला नुरूल्ला ग्राम व थाना कुन्दरकी मुरादाबाद ने अज्ञात दो लडको द्वारा वादी को मृत्यू के भय में डालकर दो लाख रूपये की मांग कर उद्यापन करने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर

तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 1156/20 धारा 386 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 18-09-2020 को उ0नि0 श्री रामचन्द्र थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आया अभियुक्त शहजाद पुत्र सरफराज हुसैन निवासी नीम की प्याऊ कच्चा बाग थाना कोतवाली नगर मुरादाबाद को मंडी गेट से समय 11.50 बजे गिरफ्तार किया गया।

5 – <u>छेडछाड करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मझोला</u>:-

दिनांक 16-09-2020 को वादिनी.......निवासी क्षेत्रान्तर्गत थाना मझोला ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ छेडछाड करने के संम्बंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 1149/20 धारा 354 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 17-09-2020 को उ0नि0 श्री रामचन्द्र थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त सरताज पुत्र वजीर अली निवासी ए-153 काशीराम नगर थाना मझोला मुरादाबाद को चौधरी चरण सिंह चौक से समय 21.35 बजे गिरफ्तार किया गया।